# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-4

11 फाल्गुन, 1933 (श०)

बृहस्पतिवार, तिथि ———————

01 मार्च, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—122

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | .. | 33 |
| (2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | .. | 23 |
| (3) कृषि विभाग | .. | .. | .. | 09 |
| (4) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 14 |
| (5) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | .. | 05 |
| (6) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | | .. | 29 |
| (7) सहकारिता विभाग .. | .. | | .. | 08 |
| (8) विधि (धार्मिक न्यास) विभाग | .. | | .. | 01 |
| | | | कुल योग .. | 122 |

सुविधा उपलब्ध कराना

''क''-*80. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम द्वारा पटना शहर के मकान मालिकों से होल्डिंग टैक्स की वसूली की जाती है तथा बड़े बकायेदारों की कुर्की-जब्ती करने का भी निर्णय जुलाई, 2011 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना शहर में मूलभूत सुविधाएं यथा सड़क, पेयजल, नाला आदि उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी उपरोक्त होल्डिंग टैक्स के एवज में नगर निगम को करना है परन्तु बिना मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये कुर्की-जब्ती का निर्णय लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद ही होल्डिंग टैक्स वसूलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

गोदाम बनाना

*467. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखण्ड में अनाज भंडारण के लिए गोदाम नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड में गोदाम नहीं रहने के कारण समय पर बी०पी०एल० परिवारों को अनाज मिलने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गुरारू प्रखण्ड में गोदाम बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन बनाना

*468. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी नगर पंचायत को अपना भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर पंचायत भवन बनाने हेतु 28 लाख 87 हजार रुपये उपलब्ध है;

(3) क्या यह बात सही है कि भूमि के अभाव में उक्त नगर पंचायत भवन नहीं बन रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनिहारी नगर पंचायत का भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क''-दिनांक 23 फरवरी, 2012 को सदन द्वारा स्थगित।

बसाने की कार्रवाई

*469. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमाननगर प्रखण्ड में अरैला, रामपुरडीह, वसुआरा, पटोरी, मोरो गोदाईपट्टी, रूपौली, नरसारा, पंचोय, सीमा मुशहरी, सिनुआरा, वहपति ग्रामों में एवं बहादुरपुर प्रखण्ड के ओझौल, तरौनी, एकमीघाट, डरहार मुशहरी टोला, बलहा, गोपी पट्टी, मधुवन ग्रामों में रह रहे 1500 महादलित परिवार के सदस्य बेघर है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन्हें वासगीत पर्चा देकर बसाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शवदाह गृह का निर्माण

*470. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज प्रखण्ड में दाह-संस्कार के लिए अभीतक मुक्तिधाम (शवदाह गृह) का निर्माण कार्य नहीं हो सका है, जिससे शवदाह संस्कार के समय जलावन की समस्या उत्पन्न होती है, यदि हां, तो सरकार उक्त मुक्तिधाम (शवदाह गृह) का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

गोशाला का जीर्णोद्धार

*471. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा नगर पंचायत कार्यालय के सामने डेढ़ एकड़ जमीन में गोशाला है, जिसकी भवन जर्जर हो गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त गोशाला का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

यूरिनल का निर्माण

*472. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि 20 लाख की आबादी वाले पटना शहर में एक भी सार्वजनिक यूरिनल नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार पटना में सार्वजनिक यूरिनल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

गोदाम का निर्माण

*473. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के भवानीपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत सुरैती में पैक्स गोदाम नहीं है, जिससे धान का भण्डार करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पैक्स गोदाम का निर्माण करवाने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सामुदायिक भवन का निर्माण

*474. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मुहल्ला न्यू यारपुर, गर्दनीबाग (बापू नगर) में जहां की आवासीय संख्या 20000 की है, परन्तु उत्सव समारोह हेतु सामुदायिक भवन नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार न्यू यारपुर, रोड नं० 1 में सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जांच केन्द्र खोलना

*475. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा, सिंघिया, शिवाजीनगर प्रखण्डों में मिट्टी जांच केन्द्र नहीं रहने से वहां के कृषकों को मिट्टी जांच कराने में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में मिट्टी जांच केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

किसान भवन का निर्माण

*476. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोड मैप योजनान्तर्गत सभी प्रखण्डों में ई-किसान भवन निर्माण करने हेतु वर्ष 2008 में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर, तरैया एवं पानापुर में अभीतक उक्त भवन का निर्माण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में ई-किसान भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

व्यवस्था करना

*477. श्री अभिराम शर्मा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद नगर मुख्यालय में नये मुहल्लों का निर्माण तेजी से हो रहा है, परन्तु जल निकासी के अभाव में शहर के नाली का गंदा पानी यत्र-तत्र फैला हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जहानाबाद शहर में जल निकासी का उचित व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्त्ति की व्यवस्था

*478. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान-सभा क्षेत्र के गुलनी कुशाहा गांवों की आबादी काफी है जहां पानी सप्लाई का पाईप बिछाए हुए 25 वर्ष हो गये हैं, लेकिन बिजली के अभाव में जलापूर्त्ति बन्द है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वहां की जनता को शुद्ध पानी हेतु सौर ऊर्जा मिनी जलापूर्त्ति योजना से दोनों गांवों में पानी सप्लाई कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चापाकल नहीं लगाने का औचित्य

*479. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत 125 मीटर गाड़ने के बजाय सोनवर्षा प्रखण्ड के महादलित बस्ती मनौरी की गनेशी सादा के घर तक एवं अन्य 16 जगहों डेहद में गड़े चापाकलों को प्राक्कलन अनुसार न गाड़कर के 70 मीटर, बहुत ही कम स्तर तक बोरिंग वर्ष 2011 में किया गया है, यदि हां, तो सरकार प्राक्कलन के अनुसार चापाकल नहीं लगाने का क्या औचित्य है?

---------

कार्रवाई करना

*480. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में धान खरीदने के लिए बनाये गये गोदामों में से 40 प्रतिशत गोदामों में वेइंग मशीन नहीं है जिसके कारण धान खरीद नहीं हो रही है, यदि हां, तो सरकार गोदामों में वेइंग मशीन लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

रिक्त पदों पर भर्ती

*481. श्री राम सेवक हजारी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत कल्याणपुर एवं पूसा प्रखण्डों में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी का पद विगत 18 माह से पद रिक्त है, जिससे किसानों की विकास कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*482. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन-- क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत असरगंज प्रखण्ड के ग्राम पंचायत असरगंज के मुखिया पद पर निर्वाचित प्रतिनिधि को जन-वितरण प्रणाली की दुकान की अनुज्ञप्ति दी गयी है, जबकि विभागीय पत्रांक 5107, दिनांक 6 दिसम्बर, 2001, पत्रांक 1543, दिनांक 4 अप्रील, 2002 एवं पत्रांक 5043, दिनांक 21 दिसम्बर, 2002 द्वारा अनुज्ञप्ति को निर्वाचित प्रतिनिधि के कार्यकाल तक स्थगित/रद्द करने का प्रावधान है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त निर्गत अनुज्ञप्ति को निरस्त करते हुए दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

अमीनों की भर्त्ती

*483. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 2 सितम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''गौड़ा बौराम एवं बिरौल अंचलों में अमीन नहीं'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत गौड़ा बौराम एवं बिरौल अंचलों में अमीन की 9 पद के बदले तत्काल में मात्र 5 अमीन ही कार्यरत हैं जिसकी वजह से बिरौल अंचल में वर्ष 2011 में 2 दर्जन आवेदन भूमि मापी के लिए दिए गए हैं परन्तु एक भी आवेदन पर आजतक मापी नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बिरौल एवं गौड़ा बौराम अंचलों में रिक्ति के अनुपात में अमीनों की बहाली करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बन्दोबस्ती रद्द करना

*484. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कुशेश्वर स्थान पूर्वी अंचल के सुधराईन मौजा अन्तर्गत खाता 538, खेसरा 4594, 803, 804, 805, 899, 4594, 5092 एवं मौजा नरकटिया स्थित खाता 60, 236 एवं 237 खेसरा क्रमश: 401, 412, 101 तथा 121 रकबा कुल 150 एकड़ अनावाद सर्वसाधारण बिहार सरकार की भूमि के बन्दोबस्त कार्यालय के कर्मचारी से मिलकर सुधराईन गाँव निवासी रामसागर यादव ने अपनी तथा अपने परिजनों के नाम से खाता खोलवाकर सरकारी भूमि अतिक्रमण कर लिया है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार अनावाद की उक्त भूमि की बन्दोबस्ती रद्द करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*485. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत भवानीपुर बाजार में जल निकासी नाला नहीं रहने से बरसात का पानी से जल-जमाव हो जाता है, जिससे लोगों को काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बाजार से जल निकासी की नाला का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निविदा नहीं कराने का औचित्य

*486. श्री मोतीलाल प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बैरगनियाँ प्रखण्ड स्थित बाजार की निविदा पिछले 50 वर्षों से हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस बाजार की निविदा नहीं करायी गयी है, जिससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इस वर्ष बैरगनियाँ बाजार का निविदा नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

-------

पानी टंकी चालू करना

*487. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के तरारी विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड सहार और प्रखण्ड पीरों में सप्लाई वाली पानी की टंकी करीब दो वर्षों से बनकर तैयार है, जिसे अभीतक चालू नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार पानी की टंकी को चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन का जीर्णोद्धार

*488. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत शाहकुंड, रतनगंज, कटहरा एवं करहरिया पशुपालन चिकित्सा केन्द्र एवं कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र बन्द है एवं भवन जीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है, जिससे वहाँ के लोगों को पशु चिकित्सा कराने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पशुपालन चिकित्सा केन्द्रों का जीर्णोद्धार एवं कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों को पुनः चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

शौचालय का निर्माण

*489. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावाँ प्रखण्ड मुख्यालय में सार्वजनिक शौचालय नहीं है, जिसके कारण आम नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पकरीवरावाँ में वारिसलीगंज मोड़ के दक्षिण, डाकबंगला परिसर एवं प्रखण्ड कार्यालय कैम्पस में सामुदायिक शौचालय बनाने हेतु जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य प्रारम्भ कराना

* 490. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखण्ड के अन्तर्गत रैयाम रूलर पाईप डब्लू/एस स्कीम हेतु वर्ष 2011 में और 112.519 लाख रुपये की स्वीकृति दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त राशि स्वीकृत होने के उपरान्त भी आज तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिससे वहां के लोगों में आक्रोश व्याप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य का प्रारम्भ कबतक, करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार करना

* 491. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमराँव सेन्ट्रल नाला से शहर के गंदे पानी का बहाव होकर काँव नदी में चला जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला में कचरा एवं गंदगी भर जाने से नाला में पानी का बहाव नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला को मास्टर प्लान के तहत सफाई एवं जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति करना

* 492. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी शहर में जलापूर्ति के लिए ओवर हेड टैंक में 25 एच०पी० का पम्पसेट लगा हुआ है जिससे सही ढंग से जलापूर्ति नहीं होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मनिहारी शहर में सही ढंग से जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

* 493. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा वर्ष 2008 में निर्णय किया गया है कि प्रत्येक प्रखंड में ई० किसान भवन का निर्माण कराया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के आलोक में सारण जिला दिघवारा एवं सोनपुर प्रखंडों में अभी तक ई० किसान भवन का निर्माण एवं शिलान्यास नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दिघवारा एवं सोनपुर में ई० किसान भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल-जमाव दूर करना

* 494. श्री केदारनाथ सिंह--क्या मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित वार्ड नं०-4 के कौटिल्य नगर विधायक कॉलोनी में बी०एम०पी० रोड से श्री लालू यादव, पूर्व मुख्य मंत्री के मकान तक कौटिल्य नगर के उत्तर तरफ, पश्चिम से पूरब तक एक ढलैया रोड जाती है जिसमें श्री तुलसी सिंह पूर्व मंत्री के मकान से अब्दुलबारी सिद्दीकी, नेता विरोधी दल के मकान तक 300 फीट रोड कच्ची है जिसमें जल जमाव हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ को पक्कीकरण कराने तथा जलजमाव को कबतक, दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण

* 495. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखण्ड एवं अंधराठाढ़ी प्रखण्ड मुख्यालयों में पशु चिकित्सा भवन नहीं है, जिससे वहां के लोगों को पशु चिकित्सा कराने में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त कराना

* 496. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के मौर्यालोक कॉम्पलेक्स परिसर में स्थित स्वामी विवेकानन्द पार्क रख-रखाव के अभाव के कारण पिछले दो वर्षों से जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है मौर्यालोक कॉम्पलेक्स परिसर में बने पार्किंग पर अतिक्रमणकारियों द्वारा गत 4 वर्षों से अतिक्रमण के कारण परिसर में हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पार्क को जीर्णोद्धार एवं पार्किंग को अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी टंकी चालू करना

* 497. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड में पानी टंकी बने 15 वर्ष हुए हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि पानी टंकी को विद्युत की आपूर्ति एवं तकनीकी दोष तथा पाईप लाईन नहीं बिछने के कारण अभी तक चालू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पानी टंकी को चालू कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पेयजल उपलब्ध कराना

*498. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत बिहियां में विभाग द्वारा एक जलमीनार और एक डायरेक्ट मोटर से शुद्ध पेयजल की सप्लाई की जा रही है, परन्तु यहाँ के स्टेशन रोड साहेब टोला, सोनरपट्टी, कटैयां रोड सहित कई जगहों पर पाईप नहीं बिछाने के कारण यहाँ के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है, यदि हां, तो कबतक सरकार उक्त जगहों पर पाईप बिछाकर लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

---

अतिक्रमण मुक्त कराना

*499. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अंचल के मौजा ढढटी स्थित खाता-216, खेसरा-2790, नया खेसरा-3066, 3067, खाता-217, खेसरा 2799, नया खेसरा 3095 किस्म सर्वसाधारण आम सड़क अनावाद बिहार सरकार की भूमि है, जिसे वहाँ के लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लेने से आम रास्ता अवरुद्ध हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क मार्ग को अतिक्रमण से मुक्ति कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मछली मण्डी की बन्दोबस्ती

*500. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला परिषद्, दरभंगा की अल्लपट्टी स्थित भू-खण्ड पर सम-विकास योजना से मछली मण्डी का निर्माण वर्ष 2011 में किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मछली मण्डी की बन्दोबस्ती मछुआरों को साथ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना का लाभ देना

*501. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला को अकाल ग्रस्त क्षेत्र घोषित होने के बावजूद के0सी0सी कराये किसानों को फसल बीमा राशि से वंचित रखा गया है, जबकि बगल में जिला जमुई में किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ दिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लखीसराय जिला के किसानों को भी फसल बीमा योजना का लाभ देने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पाईप लाईन बिछाना

*502. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत नगर पंचायत जगदीशपुर में 44 वर्ष पहले बिछाये गये पाईप लाईन से पेयजल की आपूर्त्ति हो रही है एवं जलापूर्त्ति में प्रयोग हो रहा पाईप जीर्ण-शीर्ण रहने के कारण जगह-जगह फट चुका है, फलस्वरूप कचरा और दुर्गन्ध युक्त पानी की आपूर्ति हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार शुद्ध जलापूर्ति हेतु नये पाईप लाईन बिछाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

मैक्स लाइट की स्थापना

*503. डॉ0 दाउद अली--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव रेलवे स्टेशन के सामने गढ़ चौक, शहीदमल चौक एवं राज हॉस्पीटल के पास सुपर मैक्स लाईट की स्थापना नहीं होने से आस-पास अंधेरा छाया रहता है, जिससे लूटपाट की सम्भावना बनी रहती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर सुपर मैक्स लाईट की स्थापना शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पशु चिकित्सालय खोलना

*504. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड के बाखरपुर पंचायत में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि पीरपैंती प्रखण्ड की बाखरपुर पंचायत पूर्वी बाखरपुर एवं पश्चिमी बाखरपुर दो भाग में विभक्त है जिसमें पशुओं की आबादी लगभग पन्द्रह हजार है;

(3) क्या यह बात सही है कि पशु चिकित्सालय नहीं रहने के कारण उक्त पंचायत के पशुपालक अपने पशुओं की चिकित्सा नहीं करा पाते हैं तथा विभिन्न पशु बीमारियों से पशुओं की अकाल मृत्यु हो रही है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीरपैंती प्रखण्ड के बाखरपुर पंचायत में आम जनता के हित में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

बोरिंग लगाना

*505. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के प्रखंड सिरदला के ग्राम पंचायत चौकिया, अब्दुल, खटांगी, घघट, बांधी इत्यादि पंचायतों में चापाकल खराब रहने के कारण पेयजल का संकट व्याप्त है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्राम पंचायत में पहाड़ी चापाकल एवं रिंग बोरिंग लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

* 506. श्री गिरिधारी यादव-- क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोइस्चर (नमी नापने वाली) मशीन से धान की जाँच कर क्रय करना है तथा प्रत्येक केन्द्र पर इसे रखना अनिवार्य है परन्तु किसी भी केन्द्र पर मोइस्चर मशीन उपलब्ध नहीं है जिसके कारण पारंपरिक तरीके से दांत से धान दबाकर खरीदा जा रहा है, यदि हां, तो क्या प्रत्येक केन्द्र पर मोइस्चर मशीन उपलब्ध नहीं कराने वाले दोषियों पर सरकार कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रोसेसिंग प्लांट लगाना

* 507. श्री नौशाद आलम-- क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज एवं पोठिया प्रखंड में हजारों एकड़ भूमि में केला की खेती की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि केला से संबंधित जिला में कोई भी फूड प्रोसेसिंग प्लांट अभीतक स्थापित नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि केला उत्पादक कृषकों को केला उत्पादन हेतु कोई अनुदान नहीं दिया जाता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केला उत्पादक किसानों को अनुदान दिये जाने के साथ-साथ जिला के ठाकुरगंज प्रखंड में फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चापाकल लगाना

* 508. श्रीमती पूनम देवी यादव-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय राज्यादेश 857, दिनांक 25 मार्च, 2008 विभागीय ज्ञापांक 1124, दिनांक 5 मार्च, 2010 के आलोक में खगड़िया नगर परिषद् क्षेत्र के 26 वार्डों में दो-दो चापाकल गाड़ने का आदेश दिया गया है जिसके लिए वित्त विभाग के प्रधान सचिव के ज्ञापांक 837, दिनांक 21 फरवरी, 2008, के द्वारा बीस लाख बारह हजार चार सौ रुपये खगड़िया नगर परिषद को उपलब्ध कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि खगड़िया नगर परिषद् कार्यालय निविदा संख्या 03/2009-10, दिनांक 8 अप्रील, 2010 अनुशंसित स्थल हेतु निविदा प्राप्त किया गया लेकिन चापाकल लगाने का कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी कार्य शिथिलता और व्यवधान उत्पन्न करने वाले पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर चापाकल लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वितरण कराना

* 509. श्री वैद्यनाथ सहनी-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखंड के 37 पंचायतों में दलित, महादलित भूमिहीन परिवारों की संख्या लगभग एक हजार है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी योजनानुसार उक्त भूमिहीन परिवारों को 3 डिसमिल जमीन या 20 हजार रुपये देने का प्रावधान है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूमिहीन परिवारों के बीच 3 डिसमिल जमीन या बीस हजार रुपये वितरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चापाकल लगाना

* 510. श्री विनय बिहारी-- क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत योगापट्टी प्रखंड के बीस पंचायतों के विधायक की अनुसंशा पर वर्ष 2006-07 के लिए प्रति पंचायत दो चापाकल गाड़ा जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया के पत्रांक 107, दिनांक 3 फरवरी, 2011 के आलोक में चापाकल गाड़ने हेतु चयनित स्थल प्रश्नकर्त्ता द्वारा सूची उपलब्ध करा दी गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सूची समर्पित के आठ माह बाद भी एक भी चापाकल नहीं गाड़ा जा सका है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार चयनित स्थल पर चापाकल लगाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मंदिर का जीर्णोद्धार

* 511. श्री विनोद प्रसाद यादव-- क्या मंत्री, विधि धार्मिक न्यास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के शेरघाटी प्रखंड अन्तर्गत दुल्हिन मंदिर, शेरघाटी एवं रूकमणि नाथ मंदिर धार्मिक न्यास परिषद के अधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि दुल्हिन मंदिर एवं रूकमणि नाथ मंदिर देख-रेख के अभाव में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में और उसके भू-भाग पर अनधिकृत रूप से कब्जे किये जा रहे हैं;

(3)यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दुल्हिन मंदिर, शेरघाटी एवं रूकमणि नाथ मंदिर, शेरघाटी के परिसम्पत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कर मंदिर का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सम्पर्क पथ देना

* 512. श्री तार किशोर प्रसाद-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के हसनगंज अंचल अन्तर्गत राजवंशी टोला एवं हरखा मुसहरी टोला सम्पर्क पथविहीन है तथा दोनों टोला में अत्यंत पिछड़ा एवं महादलित वर्ग की आबादी है;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्पर्क पथ के अभाव में ग्रामीणों को मुख्य सड़क पर आने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों टोला का सम्पर्क पथ देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वामित्व दिलाना

* 513. श्री संजय सिंह (टाईगर)-- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1975 में सोन नदी में आई बाढ़ से भोजपुर जिलान्तर्गत कोईलवर प्रखंड में सुरौंधा गाँव के विस्थापितों को बसाने के लिए सरकार द्वारा कोईलवर में जमीन उपलब्ध कराई गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन पर विस्थापितों ने अपना घर भी बना लिया है पर अबतक उन्हें जमीन का स्वामित्व नहीं मिल पाया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विस्थापितों को आवंटित जमीन का स्वामित्व दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

गठन करना

* 514. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007-08 में पटना शहर में 89 पार्कों का सौंदर्यीकरण हेतु चयन किया गया जिसमें से 18 का कार्य पूरा हुआ तथा पूर्ण में से 12 को निगम ने मे० लक्ष्या, मोगलपुरा, पटना सिटी सहित 12 संस्थानों को संधारण हेतु वर्ष 2010 में ही आवंटित किया गया, परन्तु आजतक सरकार द्वारा मेंटिनेंस पॉलिसी का गठन नहीं किये जाने के कारण पूर्ण हुए पार्क जर्जर हो चुके हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मेंटिनेंस पॉलिसी का गठन करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भूमि अधिग्रहण कराना

* 515. श्री विभाष चन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कुर्सेला एवं समेली में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का अपना भवन नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

जाँच प्रयोगशाला खोलना

* 516. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा राज्य के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु अनुमंडलों में जाँच प्रयोगशाला खोलने का निर्णय वर्ष 2010 में लिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार समस्तीपुर जिला के रोसड़ा एवं दलसिंहसराय अनुमंडलों में जांच प्रयोगशाला खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

* 517. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत 409 पैक्सों के माध्यम से धान क्रय किया जाना था, जिसमें मात्र 320 पैक्स केन्द्रों से धान का क्रय किया जा रहा है तथा 89 पैक्स के माध्यम से धान क्रय नहीं किये जाने की स्थिति में किसानों का धान खेत एवं खलिहानों में पड़ा हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य के किसानों के धान क्रय नहीं करने वाले पैक्सों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

समान मुआवजे का वितरण

* 518. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बी०आर०बी०सी०एल० परियोजना हेतु 9 ग्रामों में एक साथ भू-अर्जन किया गया है पर चार गांव खैरा, केरका, धुंधुआ एवं मंगावार के जमीन का मुआवजा 261371/- प्रति एकड़ की दर से दिया गया जबकि पांच ग्राम-कजराईन, सलैया, एकधारा, पिरोंटा एवं सुरार में प्रति एकड़ भूमि का मुआवजा दर 516222/- दिया गया है इससे स्थानीय किसानों में काफी रोष व्याप्त है, जबकि उक्त जिले में एन०टी०पी०सी० की परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा एक समान दर पर किया गया है, यदि हां, तो सरकार उक्त सभी जमीनों का मुआवजा समान रूप से नहीं देने का क्या औचित्य है?

--------

सड़क का निर्माण

* 519. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा नगर परिषद् के अन्तर्गत मिर टोला शमसुल के घर से नजमी के लकड़ी दुकान होते हुए दहलान चौक तक जाने वाली सड़क जर्जर होने के कारण वर्ष 2003 से ही बंद पड़ा है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो सरकार कबतक सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है?

--------

जीर्णोद्धार कराना

* 520. श्री मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के पूर्णियां नगर पंचायत कसबा के दोगच्छी मोड़ से सबदलपुर पंचायत अन्तर्गत दियारी गांव को जोड़ने वाली पथ विगत 10 वर्षों से ईंट सोलिंग जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोखर का जीर्णोद्धार

* 521. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शाहपुर विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम चकवथ में लगभग 40 एकड़ में सरकारी पोखरा अवस्थित है और सरकारी प्रावधान के तहत प्रत्येक वर्ष मछली मारने हेतु इसकी नीलामी भी होती है, जिससे सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि मत्स्य उत्पादन के साथ-साथ इस अनुपम पोखर पर छठव्रत होता है तथा स्थानीय लोगों का निरंतर भ्रमण भी होता रहता है परन्तु पोखर के जीर्ण-शीर्ण रहने के कारण आम जनता को बड़ी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पोखर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*522. श्री वैधनाथ सहनी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखंड के ग्राम पंचायत हरपुर भिन्डी, सोंगर, मोरवा उत्तरी तहसील कचहरी भवन की स्थिति अत्यन्त ही जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*523. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक में दिनांक 7 नवम्बर, 2011 को प्रकाशित ''नहीं है अमीन नापे कौन जमीन'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे प्रदेश में 312 अमीन के पद रिक्त पड़े हुए हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त रिक्त पदों पर अमीन की नियुक्ति नहीं होने से सरकारी जमीन की नापी समय पर नहीं होने के कारण सरकारी योजनाओं की परियोजनाओं का निर्माण सही समय पर नहीं हो पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अमीनों के उक्त रिक्त पदों को भरने हेतु कौन-सी कारगर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति करना

*524. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बौसी प्रखंड के बौसी, दलिया, झपनिया, ब्रहमापुर, कसवा, मंदार गांवों में 1965 ई० से सुखनिया जलापूर्ति योजना से पानी सप्लाई हुआ करती थी, जो 20 वर्षों से जलापूर्ति बंद है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त गांवों में जलापूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुहैया कराना

*525. श्री विभाष चन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत समेली अंचल पदाधिकारी एवं बरारी अंचल पदाधिकारी को मोटर गाड़ी मुहैया नहीं कराया गया है जिससे सरकार के कार्यों में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त दोनों अंचल पदाधिकारियों को मोटर गाड़ी मुहैया कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सक का पदस्थापन

*526. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखंड में पशु चिकित्सक का भवन वर्ष 2010 से बनकर तैयार है, जिसमें जल और विद्युत की व्यवस्था नहीं रहने के कारण एवं दवा के अभाव में शीत लहर के दौरान हजारों पशु कोल्ड डायरिया से मर गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर पशु चिकित्सक भवन में नवम्बर, 2011 से ही चिकित्सक का पद रिक्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सक का पदस्थापन करते हुए तथा जल एवं विद्युत की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

फ्रोजेन सिमेन बैंक चालू करना

*527. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पशुपालन विभाग में फ्रोजेन सिमेन बैंक वर्ष 1992 से कार्यरत था जो पशुपालकों के लिए कल्याणकारी थी जिसे 1992 के बाद बन्द हो जाने पर पशुपालकों को काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो सरकार इस फ्रोजेन सिमेन बैंक को पुनः मुजफ्फरपुर में चलाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सम्पर्क पथ से जोड़ना

*528. श्री रामसेवक हजारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010-11 से दलित, महादलित एवं अति पिछड़ों के गांव एवं टोला का मुख्य सड़क से सम्पर्क पथ का निर्माण कर बस्तियों को जोड़ने हेतु सरकार कटिबद्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर विधान-सभा क्षेत्र के पूसा प्रखंड के वैनी पंचायत अन्तर्गत वैनी महादलित बस्ती में सड़क की मुख्य पंथ से नहीं जोड़ा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बस्तियों को सम्पर्क पथ से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*529. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के बेली रोड स्थित आर०पी०एस०पथ के अधीन वसंत बिहार कॉलोनी में नाला एवं पी०सी०सी० रोड के निर्माण हेतु दिनांक 10 जुलाई, 2004 को पूर्व मंत्री, नगर विकास विभाग द्वारा शिलान्यास किया गया था जिसकी शिलापट्ट अभीतक मौजूद है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलोनी में भू-गर्भ नाला के निर्माण नहीं होने से वहां के आवासियों को नारकीय जीवन व्यतीत करना पड़ता है;

(3) क्या यह बात सही है कि नाला निर्माण कराने हेतु उक्त कॉलोनी के आवासियों द्वारा विगत वर्ष 2010 में विभाग को आवेदन दिया था जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कॉलोनी में श्री विजय कुमार शर्मा के घर से आर०पी०एस० पथ तक नाला का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना पूरा कराना

*530. श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य के 38 शहरों यथा किशनगंज, कटिहार, बिहारशरीफ, मुंगेर, दरभंगा इत्यादि शहरी जलापूर्ति योजना के क्रियान्वयन के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को जिम्मेवारी सौंपी गई है, जिसे वित्तीय वर्ष 2011-12 में पूर्ण करा लिया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जलापूर्ति योजना के क्रियान्वयन में प्रगति की रफ्तार काफी धीमी होने के कारण अबतक केवल 30-40 प्रतिशत ही कार्य पूर्ण हो सका है, बल्कि मुंगेर, जमालपुर, छपरा इत्यादि शहरों में तो दो माह पूर्व ही कार्य आरंभ किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित योजनाओं को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

*531. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट प्रखण्ड के लक्ष्मीपुर, आनन्दपुर ग्राम में पशु चिकित्सालय का भवन खंडहर में परिवर्तित हो चुका है, जिससे किसानों को पशु की चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों पशु चिकित्सालयों के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*532. श्री भाई वीरेन्द्र--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के कंकड़बाग मुहल्ला में कंकड़बाग टैम्पू स्टैण्ड से जोगीपुर पम्प हाऊस तक जल निकास का कार्य विगत तीन वर्षों से चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला का निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण जल-जमाव एवं आवागमन में आम नागरिकों को घोर कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या उक्त नाला निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर आवागमन को चालू कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जमीन आवंटित करना

*533. श्री (डॉ०) श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के टनकुप्पा प्रखंड है जो शिक्षा विभाग के जमीन में बना ट्राईजम भवन में प्रखंड चल रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जमीन अधिग्रहण कर टनकुप्पा प्रखंड के लिए जमीन आवंटित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*534. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर बरसात के दिनों में जल-जमाव की समस्या से ग्रसित रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर के तीन मुख्य नालों के निर्माण के लिए नगर विकास के राशि से वित्तीय वर्ष 2009-10 में दरभंगा नगर निगम में--

(क) गायत्री मंदिर दारू भठठी चौक से रेलवे लाईन क्रासिंग तक प्राक्कलित राशि 48,88,800=00

(ख) पुष्पांजलि दुकान एवं दुर्गा होटल के पीछे गुदरी तक प्राक्कलित राशि 28,88,000=00

(ग) दरभंगा नूतन पुस्तक भंडार के लालबाग कब्रिस्तान तक प्राक्कलित राशि 39,57,600=00 निविदा की गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त तीन नालों का निर्माण छ: माह में ही हो जाना था किन्तु अबतक नहीं हो पाया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नालों का निर्माण कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी टंकी का निर्माण

*535. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत 108-रघुनाथपुर विधान-सभा क्षेत्र में हरनाथपुर, निखतीम, गायघाट, फुलवरिया, सहदुसेपुर, रामपुर और बड़रम में मिनी पानी टंकी की स्वीकृति 2009-10 में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पानी टंकी का निर्माण कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*536. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसधान विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में वर्ष 2010-11 में 25 नया पशु चिकित्सालय भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है, जिसमें 12 पूर्ण हो चुका है तथा 13 अधूरा पड़ा हुआ है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक अधूरे भवन का निर्माण पूरा करवाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*537. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर नगर पंचायत के शहीद चौक से पटना गद्दी चौक भाया स्टेशन तक की सड़क अत्यन्त जर्जर होने से यातायात में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पानी टंकी चालू करना

*538. श्री संजय कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत राजापाकर प्रखण्ड मुख्यालय में वर्ष 2010-11 में एक पानी टंकी का निर्माण किया गया है, लेकिन उसे अभीतक चालू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार राजापाकर मुख्यालय में नव-निर्मित पानी टंकी को कबतक चालू करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*539. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रघुनाथपुर विधान-सभा क्षेत्र (जिला सिवान) में रघुनाथपुर, हरीहँस और गोपालपुर में पानी टंकी विगत दस वर्षों से बन्द पड़ा है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त बन्द पड़े पानी टंकी को कबतक चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पक्कीकरण कराना

*540. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा शहर में अवस्थित प्राईवेट बस स्टैण्ड में नागरिकों की सुविधा हेतु पेयजल, यात्री शेड, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधा का घोर अभाव है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बस स्टैण्ड में जगह-जगह गड्ढा एवं जल-जमाव लगा रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बस स्टैण्ड में यात्री शेड, शौचालय बनाने, बस स्टैण्ड के गड्ढों को भरवाकर पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*541. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगों सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत बरौनी प्रखण्ड के केशावे गाँव में खाता नं० 313, खेसरा नं० 1355, 1356, 1359 एवं 1364 की खतिहानी जमीन पर 100 वर्षों से आम रास्ता है जिसे वर्ष 2007-08 में ऐच्छिक निधि से जमीन मालिक के सहमति से मिट्टी खराने का कार्य किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मिट्टी कार्य पूरा होने के उपरान्त भूमिदाता के द्वारा उक्त सड़क को अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके आलोक में प्रश्नकर्त्ता द्वारा अपने पत्रांक 74, दिनांक 5 मई, 2010 द्वारा अनुमंडलाधिकारी, बेगूसराय को सूचित किया गया, परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई;

(3) यदि उपर्युक्त खडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनार चालू करना

*542. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट प्रखण्ड के पतौर पंचायत एवं हायाघाट बाजार में जलमीनार का निर्माण 5 वर्ष पूर्व कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों जलमीनार अभीतक चालू नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जलमीनार को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*543. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवस विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत बिरौल अनुमण्डल का मात्र व्यावसायिक केन्द्र, बिरौल (सुपौल) बाजार नगर परिषद् की सभी अर्हतायें पूरी करती है एवं नगर परिषद् बनाने का प्रस्ताव अनुमण्डल पदाधिकारी, बिरौल द्वारा भेजे जाने के बावजूद विगत तीन वर्षों से नगर विकास विभाग में लम्बित है, यदि हां, तो इसका औचित्य क्या है तथा इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए कबतक नगर परिषद् के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति करना

*544. श्री राम सूरत राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कटरा प्रखण्ड स्थित जजुआर मध्य एवं पूर्वी ग्राम पंचायत के अनन्याणपुर और बरी पंचायत के गगिया गाँव एवं कटरा पंचायत के कटरा में विगत तीन वर्षों से पानी टंकी से जलापूर्त्ति बन्द है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त टंकी एवं बोरिंग से तकनीकी कठिनाई को दूर कराते हुए जलापूर्ति शीघ्र कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

गोदाम का निर्माण

*545. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखण्ड के गहई, करसहिया, जटवलिया, तेलहारा, गुरहनवा, फुलवरिया, जमुआ, भगवानपुर तथा घोड़ासहन प्रखण्ड के कदमवा, बरवा कला, विजई, विशुनपुर, श्रीपुर, भेलवा, समनपुर, घोड़ासहन उत्तरी पैक्सों के पास गोदाम नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त पंचायतों में पैक्स गोदाम का निर्माण कबतक कराने विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

अमीन का पदस्थापन

*546. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर अंचल कार्यालय में अमीन का पद विगत पांच वर्षों से रिक्त रहने के कारण भूमि विवाद संबंधी मामलों का निपटारा करने में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राघोपुर अंचल कार्यालय में स्थायी अमीन पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

संख्या बढ़ाना

*547. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत रासायनिक खाद एवं बीज भंडारों की दुकानों की संख्या 12 है जो किसानों के आबादी के अनुपात में काफी कम है, यदि हां, तो सरकार उक्त दुकानों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पेयजल की आपूर्ति

*548. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिले के वार्ड नं० 5, ग्राम+पो०-सखरपुर (पूर्वी टोला) में लगभग 20 दलित परिवारों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में पेयजल लगाने हेतु प्रश्नकर्त्ता द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर, 2010 को कार्यपालक अभियंता, शिवहर को सूचना दी गयी थी, जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में पेयजल आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना

*549. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गया शहर में शुद्ध पेयजल नहीं है, यहां के पानी में आयरन, फ्लोराइड, नाइट्रेट आदि पाया जाता है, जिससे लोग अपंग हो रहे हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गया शहर के निवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*550. श्री (डॉ०) अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा नगर परिषद के वार्ड सं० 22, अली नगर में सहरसा बनगांव पथ से प्रश्नकर्त्ता के आवास तक सड़क जर्जर रहने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अतिक्रमण हटाना

*551. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर अंचल के ग्राम डोइला में पुकार महतो के घर से गंगौली सीम पथ के अन्तर्गत श्री मुसाफिर पंडित पिता स्व० शिवधारी पंडित वगैरह ने रास्ता को अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया है जिसके कारण आवागमन में आमलोगों को कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ पर किये गये अतिक्रमण को हटाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पानी टंकी चालू कराना

*552. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के संतोष नगर में स्वच्छता जलमीनार का निर्माण वर्ष 2002 में किया, लेकिन अभीतक स्वच्छता जल को चालू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार संतोष नगर में पानी टंकी को चालू कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जलापूर्ति कराना

*553. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक बाजार में वर्ष 2008-09 से पेय जलापूर्ति योजना निर्माणाधीन है, यदि हां, तो कबतक, उक्त कार्य को पूर्ण कराकर जलापूर्ति कराने का विचार रखती है ?

नाला का निर्माण

*554. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किसी भी शहर की स्वच्छता उसके नाला एवं सिवरेज नाला के रख-रखाव एवं निर्माण पर निर्भर करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के किसी भी नगरीय क्षेत्र में सिवरेज नाला नहीं है जिसके कारण आम नाला को ही सिवरेज नाला में तब्दील कर दिया गया है जिसके कारण राज्य के सभी शहर अस्वच्छ एवं स्वास्थ्य के लिये असुरक्षित है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में नाला के अतिरिक्त सिवरेज नाला का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पाईप बदलना

*555. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद् एवं बड़हिया नगर पंचायत में जलापूर्ति की पाईप विगत तीन वर्षों से क्षतिग्रस्त है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पाइप को बदलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई करना

*556. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत राज्य खाद्य निगम द्वारा विक्रमगंज, संझौली एवं काराकाट में स्थापित धान क्रय केन्द्रों में बोरा उपलब्ध नहीं रहने से किसानों को 10-15 रुपये प्रति बोरा अलग से खरीद कर धान भरकर क्रय केन्द्रों में पहुंचाया जा रहा है, परन्तु गोदाम मैनेजर द्वारा बोरे की कीमत का भुगतान नहीं किये जाने से किसानों को अतिरिक्त बोझ वहन करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर गोदाम मैनेजर पर कार्रवाई करते हुए किसानों को बोरे की कीमत देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

दुग्ध शीत केन्द्र खोलना

*557. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के तरारी विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड सहार में अभीतक दुग्ध शीतल केन्द्र नहीं रहने के कारण वहाँ के निवासियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्थान पर दुग्ध शीतल केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जानलेवा बीमारियों का रोकथाम

*558. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत ग्राम लालपुर, दुधिया भरनटोला गाँवों के पशुओं में खुरहा रोग फैल गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खुरहा जैसे जानलेवा बीमारी के कारण अबतक उन गाँवों में सैंकड़ो मवेशियों की असमय मृत्यु होने से पशुपालकों के समक्ष भुखमरी की भयावह स्थिति उत्पन्न हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन जानलेवा बीमारियों की रोकथाम हेतु शीघ्र समुचित कदम उठाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान कराना

*559. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी नगर परिषद् के कर्मचारियों को सोलह महीनों से वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है, जिस कारण कर्मचारियों को भुखमरी की स्थिति पैदा हो गयी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक कर्मचारियों के वेतन भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनाज नहीं रखने का औचित्य

*560. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के विहपुर प्रखण्ड मुख्यालय के सरकारी गोदाम में अनाज का भंडारण होता था ;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले पाँच वर्षों से सरकारी गोदाम से हटाकर अनाज का भंडारण प्राईवेट गोदाम में होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा पुनः विहपुर मुख्यालय के सरकारी गोदाम में अनाज नहीं रखने का क्या औचित्य है ?

--------

शौचालय का निर्माण

*561. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज एवं मानपुर प्रखण्ड मुख्यालय पर सार्वजनिक शौचालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड मुख्यालय पर सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से आम जनमानस को काफी कठिनाईयाँ का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखण्ड मुख्यालय पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कारगर कदम उठाना

* 562. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 15 मई, 2011 को प्रकाशित शीर्षक "गांव घरों में दिखेगा आस्ट्रेलियाई इमू" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि फरवरी माह 2011 में सरकार ने निर्णय लिया कि आस्ट्रेलियाई इमू कार्जिग की शुरूआत करेगी;

(2) क्या यह बात सही है कि विश्व बैंक नबार्ड तथा पंजाब बैंक के साथ वर्ष 2011 में हुई बैठक में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पटना, नालन्दा, जहानाबाद, अरवल तथा आरा जिलों का चयन किया गया है जिसमें आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट योजना यथाशीघ्र धरातल पर उतारने हेतु कौन-सा कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

गोदाम बनाना

* 563. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के किसानों से धान, गेहूँ एवं समान की खरीद पैक्स के माध्यम से किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि पातेपुर प्रखंड के माध्यम से खरीदी गयी अनाज को रखने हेतु गोदाम नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पातेपुर प्रखंड में पैक्स का गोदाम बनाने का विचार रखती है, हां तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी टंकी चालू करना

* 564. श्री छोटेलाल राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत प्रखण्ड परसा के परसा में एवं प्रखण्ड दरियापुर के ग्राम डेरनी में पानी टंकी का निर्माण विगत तीन वर्ष पहले हो चुका है उसे अभी तक चालू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों पानी टंकी को चालू करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

* 565. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला नगर परिषद् में अवस्थित लोहिया नगर भवन की स्थिति अत्यधिक जर्जर रहने के कारण लोगों को काफी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भवन का जीर्णोद्धार करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

दुग्ध शीत केन्द्र बनवाना

* 566. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक-बथानी अनुमण्डल में दूध के रखने के लिए दुग्ध शीत केन्द्र नहीं रहने के कारण पशुपालकों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नीमचक-बथानी अनुमण्डल के मुख्यालय खिजरसराय में दुग्ध शीत केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी टंकी का निर्माण

* 567. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के मोरसंड ग्राम में पानी टंकी का चयन 3 वर्ष पूर्व किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पानी टंकी के निर्माण हेतु वर्ष 2010-11 में निविदा निकाला गया, लेकिन कार्य प्रारम्भ अभी तक नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार द्वारा उक्त पानी टंकी का निर्माण अभी तक नहीं करने का क्या औचित्य है?

--------

पदस्थापन करना

* 568. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज विधान-सभा के दोनों प्रखण्डों में से किसी भी अंचल कार्यालय में रिक्त पद के अनुरूप राजस्व अमीन नहीं रहने के कारण सरकारी कार्य बाधित होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वजीरगंज विधान-सभा के दोनों प्रखण्डों के अंचलों में राजस्व अमीन की पदस्थापना करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

* 569. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज नगर पंचायत को अपना प्रशासनिक भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर पंचायत ठाकुरगंज का कार्यालय पिछले दस वर्षों से जिला परिषद् के डाकबंगला में चल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नगर पंचायत के लिए भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

अधूरे पुल का निर्माण

*570. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के नई बाईपास (एन०एच० 30) के एन०आर०एल० पेट्रोल पम्प के पश्चिम 90 फीट चौड़ा भागवत नगर रोड जो पुरानी बाईपास के डाबर के पास मिलती है के बाईपास (एन०एच० 30) के सटे उत्तर साईड के नाले में पुल का निर्माण कार्य मार्च, 2011 में प्रारम्भ कर अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन पूर्णत: बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अधूरे पुल के निर्माण कार्य को पूरा कराकर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्लांट चालू करना

*571. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत विभागीय पत्रांक 2790, दिनांक 22 जून, 2009 द्वारा पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखण्ड के पिपराखेम पैक्स में मीनी राईस मील-सह-गैसी फायर लगाने हेतु 24 लाख रुपये की योजना 2008-09 में स्वीकृत होकर 12 लाख रुपया अनुदान की राशि पैक्स को प्राप्त हुआ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पैक्स के पास अपनी कोई राशि नहीं है और उसने केन्द्रीय सहकारिता बैंक, मोतिहारी, राज्य सहकारिता बैंक, पटना को 12 लाख रुपया ऋण के लिए आवेदन किया, पर 20 माह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुदान की राशि पैक्स ने प्लांट में खर्च कर दिया है एवं कार्य अपूर्ण रहने से स्थल पर पड़ी मशीनें खराब हो रही हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्तमान लागत मूल्य पर ऋण स्वीकृत कर प्लांट को चालू कराना चाहती है, हां, तो कबतक,नहीं, तो क्यों ?

---------

नक्शा उपलब्ध कराना

*572. श्रीमती (डॉ०) रंजू गीता--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी, नानपुर, बोखड़ा अंचलों का जमीनों का नक्शा विगत दस वर्षों से जिला कार्यालय के अभिलेखागार में नहीं रहने से किसानों को अत्यधिक कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अंचलों के जमीन का नक्शा उपलब्ध कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

के०सी०सी० उपलब्ध कराना

*573. श्री जावेद इकबाल अंसारी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के बाराहाट एवं बांका प्रखण्डों में 2000 किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड के लिए दिनांक 9 जनवरी, 2011 एवं 9 दिसम्बर, 2011 को शिविर के माध्यम से प्रखण्ड स्थित विभिन्न बैंकों में आवेदन-पत्र समर्पित किया है, लेकिन आजतक उन्हें (किसानों) किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो के०सी०सी० कार्ड निर्गत नहीं करने वाले पदाधिकारी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करते हुए उक्त प्रखण्ड के किसानों को के०सी०सी० कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था करना

*574. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने गंदी बस्ती विकास योजना के तहत महादलित टोलों में सड़क, नाला एवं रोशनी की समुचित व्यवस्था का निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी के महादलित टोला पलकिया में सड़क, नाला एवं रोशनी की व्यवस्था नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महादलित टोला पलकिया में सड़क, नाला निर्माण एवं रोशनी की समुचित व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*575 श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर के अम्बेदकर पथ स्थित महिमा मंदिर से पामव्यू अस्पताल होते हुए मौर्या पथ को जोड़नेवाली सड़क के निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2010-11 में हो जाने के बावजूद आजतक इस पथ पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो सरकार कबतक, उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*576. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री,सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनांक 1 जुलाई, 2011 को समीक्षा के क्रम में माननीय उप-मुख्य मंत्री-सह-सहकारिता विभाग द्वारा विभाग को निदेश दिया गया था कि कितनी जमीन में धान की खेती की गयी है इसका डाटा बेस तैयार कर हर किसान को एक आई०डी० नम्बर नवम्बर, 2011 के पहले दिया जाय, परन्तु अभीतक न कोई डाटा बेस तैयार किया गया है और न ही एक भी किसान को आई०डी० नम्बर दिया गया है, यदि हां, तो निदेश का अनुपालन नहीं करने वालों के खिलाफ सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*577. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में मछली की मांग 4.56 लाख मे० टन है, लेकिन वित्तीय वर्ष 2011-12 में वर्तमान उत्पादन 3.06 लाख मे० टन है, जिससे मांग एवं पूर्ति में संतुलन नहीं हो पाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कृषि रोड मैप 2008-12 के तहत मांग एवं पूर्ति को संतुलन करने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जल निकासी की व्यवस्था

*578. श्री प्रभात रंजन--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2005 में आहर की सफाई कर चौर से जल निकासी कराने का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के अंचल भगवानपुर हाट के ग्राम हिलसड् के बन्दवा चौर के आहर मिट्टी से भर जाने के कारण विगत दस वर्षों से जल निकासी नहीं होने से ग्राम चोरौली, मछागरा, नदुआ, हिलसर, ब्रह्मस्थान एवं अन्य ग्रामों का फसल नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बन्दवा चौर की आहर की सफाई कराकर जल निकासी कबतक कराने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि आवंटित करना

*579. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के नगर परिषद्, मधुबनी के अन्तर्गत गाँधी बाजार (गिलेशन) को मॉडल बाजार को विकसित करने हेतु छः करोड़ रुपया का प्राक्कलन बनाकर कार्यपालक पदाधिकारी नगर, परिषद् मधुबनी ने 2 जून, 2009 को उप-सचिव नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को भेजा परन्तु आजतक उपरोक्त प्राक्कलन की स्वीकृत नहीं किया गया है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक नगर परिषद् को राशि आवंटित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*580. श्री अखतरूल इसलाम शाहिन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्र में वार्ड नं० 9 (पंजाबी कॉलोनी के पीछे) एवं वार्ड नं० 1 सघन आबादी है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन क्षेत्रों में जल निकासी हेतु नाले की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण जल-जमाव एक गंभीर समस्या बनी हुई है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन क्षेत्रों में जल निकासी हेतु बड़े आकार के नाले का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी टंकी चालू करना

*581. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के बनगांव और नानपुर प्रखंड के नानपुर में पानी टंकी की स्वीकृति मिली हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि बनगांव का पानी टंकी बनकर विगत दस वर्षों से तैयार है तथा नानपुर पानी टंकी का कार्य अभी अधूरा पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में उक्त पानी टंकी को पूर्ण कराकर कबतक चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चापाकल लगाना

*582. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2003 से ही विधायकों की अनुशंसा पर लगाये जाने वाले चापाकल के कार्यक्रम को भी विभाग द्वारा बन्द कर दिया गया है जिससे जनहित में पेयजल आपूर्ति में काफी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार माननीय विधायकों की अनुशंसा पर पूर्व की भाँति चापाकल लगाने का विचार रखती है ?

----------

पंचायत का दर्जा देना

*583. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के धमदाहा अनुमंडल मुख्यालय एक नगर पंचायत बनने की सारी अर्हता पुरा करता है तथा विद्युत् शुल्क तथा निबंधन शुल्क भी सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र के मानक पर निर्धारित कर वसुल की जाती है, लेकिन धमदाहा को अभी तक नगर पंचायत का दर्जा नहीं दिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार धमदाहा को नगर पंचायत का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भूमिहीनों को बसाना

*584. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कटिहार प्रखण्ड स्थित दलन पू0 पंचायत अन्तर्गत पी0डब्लु0डी0 लिंक पथ के किनारे अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लगभग एक सौ भूमिहीन परिवार लगभग 25 वर्षों से अस्थाई तौर से बसे हुए हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त परिवारों को अभीतक सरकार की नीति के अनुसार जमीन खरीद कर बसाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूमिहीन परिवारों को जमीन खरीद कर बसाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उपलब्ध कराना

*585. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बी0पी0एल0 परिवार को सरकार द्वारा 25 किलो ग्राम चावल, गेहूँ लाल कार्डधारी एवं 35 किलो ग्राम चावल व गेहूँ पीली कार्डधारियों को दी जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला स्थित मटिहानी विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत बरौनी प्रखण्ड के जैमरा गाँव के बी0पी0एल0 लाभार्थी परिवार नाथो साह, पे0 गौंगू साह कूपन संख्या 0053157, उपेन्द्र सिंह, पे0 दासो सिंह कूपन संख्या 0053106, दिलीप गुप्ता, पे0 राजीव गुप्ता कूपन संख्या 0053103, मंटून पासवान, पे0 चंचल पासवान, कूपन संख्या 0053447 एवं संजय पासवान, पे0 महेन्द्र पासवान, कूपन संख्या 0053434 सहित 75 लाभार्थी (लाल एवं पीला कार्डधारियों को) जून, 2011 से अक्टूबर, 2011 तक खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं की गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता द्वारा पत्रांक 144, दिनांक 24 अक्टूबर, 2011 के द्वारा जिला पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई की गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त लाभार्थी परिवार को खाद्यान्न उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

राशि देना

*586. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बिहपुर प्रखण्ड अन्तर्गत नरकटिया बांध (18 अगस्त, 2011 को) टूटने से सोनवर्षा गाँव का सैकड़ों घर के साथ-साथ हजारों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो गयी;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ के किसानों को अभीतक फसल क्षति की सहायता राशि नहीं मिली है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त किसानों को फसल क्षतिपूर्ति की सहायता राशि देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जलापूर्ति कराना

*587. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना स्थित वार्ड नं0 4 के कौटिल्य नगर विधायक कॉलोनी में जलापूर्ति हेतु बोरिंग किया गया है, वाटर पम्प मशीन लगा है, जलापूर्ति पाईप बिछाया गया है एवं पम्प ऑपरेटर भी वर्ष 2008 से कार्यरत है फिर भी जलापूर्ति नहीं किया जा रहा है जिससे मुहल्लावासियों को जलापूर्ति में काफी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए कबतक जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पटना :
दिनांक 01 मार्च, 2012 (ई0) ।

लक्ष्मी कान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0 ए0), 116--डी0 टी0 पी0--450